



अंडर-19 विश्व कप 2026

# भारत ने जिम्बाब्वे को 204 रनों से रौंदा

## जिम्बाब्वे की टीम 137 पर ढेर

**गुवाहाटी 27 जनवरी, . अंडर-19 वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन लगातार जारी है. मंगलवार, 27 जनवरी को खेले गए सुपर-6 मुकाबले में भारत ने जिम्बाब्वे को 24 रनों के बड़े अंतर से हराकर टूर्नामेंट में अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज की.**

इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए एकतरफा जीत हासिल की.

मैच में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह फैसला उसके लिए गलत साबित हुआ. पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. इसके जवाब में जिम्बाब्वे की पूरी टीम मात्र 137 रन पर सिमट गई. भारतीय पारी की शुरुआत संतुलित रही. शुरुआती झटकों के बावजूद टीम ने संयम बनाए रखा. मध्यक्रम में बल्लेबाज विहान मल्होत्रा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. उन्होंने 109 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली.



> विहान मल्होत्रा ने अपनी पारी में 7 आकर्षक चौके लगाए और पूरे आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की. उन्होंने न सिर्फ रन बनाए, बल्कि अन्य बल्लेबाजों को भी टिककर खेलने का मौका दिया. उनकी सूझबूझ भरी बल्लेबाजी के चलते भारत बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहा. विहान के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया. शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी से खेलते हुए रन गति को लगातार बढ़ाया.

## स्कॉटलैंड ने पुरुष टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित की

**एडिनबर्ग.** नए हेड कोच ओवेन डॉकिन्स की देखरेख में और रिची बेरिंगटन की कप्तानी में, स्कॉटलैंड ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में अपनी सातवीं भागीदारी के लिए टीम की घोषणा की है. इस यूरोपीय टीम ने लगभग दो दशक पहले 2007 में टूर्नामेंट के पहले संस्करण में भी भाग लिया था. ज़ैनुल्लाह एहसान को पहली बार टीम में शामिल किया गया है, यह अफ़ग़ान मूल का तेज गेंदबाज़ हाल ही में स्कॉटलैंड के लिए खेलने के योग्य हुआ है. टीम में पूर्व न्यूज़ीलैंड अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी टॉम ब्रूस भी शामिल हैं, जो उनकी बल्लेबाज़ी लाइनअप को मज़बूत करेंगे.

# तनाव में भी अल नासर ने दर्ज की अहम जीत



**रियाद, 27 जनवरी. सऊदी प्रो लीग में अल नासर और अल तआवून के बीच खेला गया मुकाबला रोमांच, संघर्ष और तनाव से भरपूर रहा.**

मैच के अंतिम क्षणों में हुए घटनाक्रम ने दर्शकों की सांसें थाम दीं, लेकिन अंततः अल नासर ने 1-0 की बढ़त बनाए रखते हुए तीन महत्वपूर्ण अंक अपने नाम किए. मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया. अल नासर ने शुरुआती मिनटों में गेंद पर नियंत्रण बनाते हुए मिडफील्ड में दबदबा कायम किया, जबकि अल तआवून ने तेज काउंटर अटैक के जरिए मौके बनाने की कोशिश की. पहले हाफ में अल नासर को बढ़त मिली, जिसने मैच की दिशा तय कर दी. इसके बाद मुकाबला और अधिक शारीरिक तथा प्रतिस्पर्धी होता चला गया. दूसरे हाफ में अल तआवून ने बराबरी के लिए लगातार दबाव बनाया. विंग्स से क्रॉस और बॉक्स में गेंद डालकर अल नासर की रक्षा पंक्ति को भेदने का प्रयास किया गया, लेकिन अल नासर के डिफेंडरों ने बेहतरीन तालमेल और अनुशासन का परिचय दिया. गोलकीपर ने भी कुछ अहम बचाव कर टीम को बढ़त में बनाए रखा. जैसे-जैसे मैच अंतिम चरण में पहुंचा, मैदान पर तनाव साफ नजर आने लगा. खिलाड़ियों के बीच टकराव बढ़ने लगे और रेफरी को कई बार खेल रोककर स्थिति संभालनी पड़ी. 90+1वें मिनट में यह तनाव अपने चरम पर पहुंच गया, जब अल नासर के डिफेंडर सिमाकन और अल तआवून के अल अहमद के बीच तीखी बहस हो गई.

# आरुष तिवारी ने जीता कांस्य पदक

**डीपीएस वसंत कुंज के कक्षा 9 के छात्र आरुष तिवारी ने 2 से 26 जनवरी 226 तक लेह में आयोजित खेलो इंडिया विंटर गेम्स 226 के छठे संस्करण में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है।**

आरुष ने फिगर स्केटिंग और स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया और बेसिक नोविस बॉयज़ श्रेणी में यह पदक हासिल किया। इस श्रेणी में देश के 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह उपलब्धि विशेष रूप से इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि खेलो इंडिया विंटर गेम्स के इस संस्करण में पहली बार फिगर स्केटिंग को एक प्रतिस्पर्धात्मक खेल के रूप में शामिल किया गया, जिसमें न्यूनतम आयु सीमा 13 वर्ष निर्धारित की गई थी। मात्र 13 वर्ष की आयु में आरुष अपनी श्रेणी के सबसे कम उम्र के प्रतिभागी थे और यह उनका खेलो इंडिया विंटर गेम्स में पहला पदार्पण था। उनका यह कांस्य पदक खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के छठे संस्करण में टीम दिल्ली का पहला पदक भी है। विद्यालय आरुष तिवारी को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देता है और उनके समर्पण, दृढ़ संकल्प और खेल भावना की सराहना करता है.



### एक नजर में

## मुम्बई इंडियंस ने आरसीबी को 15 रनों से हराया

**वडोदरा.** नेट साइवर ब्रंट (नाबाद 100) की तूफानी शतकीय और हेली मैथ्यूज (56/तीनविकेट) के शानदार बदौलत मुम्बई इंडियंस महिला टीम ने सोमवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 16वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 15 रनों से शिकस्त दी. 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत खराब रही और उसने 35 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिये. इनमे से तीन बल्लेबाजों को हेली मैथ्यूज ने आउट किया. दो शबनिम इस्माइल का शिकार बने. इसके बाद ऋचा घोष और एन डी क्लार्क की जोड़ी ने 42 रन जोड़े. एमेलिया केर ने एन डी क्लार्क 20 गेंदों में 28 को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा.





## वेदांता कलिंगा लांसर्स ने जीता खिताब

**भुवनेश्वर.** कलिंगा लांसर्स ने सोमवार को रोमांचक फाइनल में रांची रॉयल्स को 3-2 से हराकर पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) का खिताब जीत लिया. आज यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के सामने खेले खिताबी मुकाबले में लांसर्स के लिए अलेक्जेंडर हेन्ड्रिक्स ने (चौथे, 27वें) और दिलप्रीत सिंह ने (25वें) मिनट में गोल किए. वहीं, रांची रॉयल्स के लिए अराइजीत सिंह हुंदल ने (नौं) और कप्तान टॉम बून ने (59वें) मिनट में गोल किए. हॉकी इंडिया लीग ने चैंपियन वेदांता कलिंगा लांसर्स को तीन करोड़ रुपये, उप विजेता रांची रॉयल्स को 2 करोड़ रुपये और तीसरे स्थान पर रही हैदराबाद तूफ़ान टीम को एक करोड़ रुपये की इनामी राशि देने की घोषणा की, जिसने दिन में पहले एचआईएल जीसी को हराया था. एचआईएल जीसी को फेयरप्ले अवार्ड दिया गया.



## पाक के टी20 खेलने पर फ़ैसला 2 फरवरी को

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान की टी20 विश्व कप 2026 में शिरकत को लेकर संशय बरकरार है. पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने इस मामले पर अंतिम मुहर लगाने के लिए शुक्रवार या आगामी सोमवार तक का समय दिया है. इस सिलसिले में नकवी ने सोमवार को मुल्क के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाक़ात कर विस्तृत चर्चा की. गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नक़वी ने सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट कर दिया था कि टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का आखरी अधिकार सरकार के पास है और बोर्ड सरकार के निर्देशों का ही पालन करेगा. नक़वी ने ट्वीट किया, फ़प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ के साथ एक सकारात्मक बैठक हुई. मैंने उन्हें आईसीसी से जुड़े मामले की जानकारी दी और उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विकल्प खुले रखते हुए इसका समाधान निकाला जाए.



## सबालेंका का सेमीफाइनल में स्वितोलिना से मुकाबला

**मेलबर्न, 27 जनवरी. दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका ने मंगलवार को मेलबर्न में तेज गर्मी को नजरअंदाज करते हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनल में टीनएजर इवा जोविक को हरा दिया.**

सबालेंका ने 2023 और 2024 में मेलबर्न पार्क में जीता अपना टाइटल वापस पाने की तरफ एक और कदम बढ़ाया. टूर्नामेंट के पहले हफ्ते में कुछ पल ऐसे भी थे जब सबालेंका का फ़ॉर्म ठीक नहीं था, लेकिन उन्होंने 18 साल की जोविक पर 89 मिनट में 6-3, 6-0 से जीत हासिल करते हुए तेज और शांत खेल दिखाया. सेमीफाइनल में सबालेंका का एलिना स्वितोलिना से मुकाबला होगा जो पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं. सबालेंका ने जीत के बाद नरमी से कहा, यह एक मुश्किल मैच था. स्कोर मत देखो, यह बिल्कुल भी आसान नहीं था. मैं जीत से बहुत खुश हूं.

मंगलवार को तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान था और मैच शुरू होने तक यह 35 डिग्री तक पहुंच गया था. रॉड लेवर एरिना में अभी भी छत बंद नहीं हुई थी, सबालेंका की हैवी बॉल स्ट्राइकिंग ने जोविक पर लगातार प्रेशर बनाए रखा.

# पंजाब रॉयल्स ने महाराष्ट्र केसरी को हराया

**नोएडा, 27 जनवरी.** निर्णायक 62 किग्रा महिला मुकाबले में एना गोडिनेज के संयमित और प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत पंजाब रॉयल्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 के मैच 12 में महाराष्ट्र केसरी पर 5-4 से महत्वपूर्ण जीत दर्ज की. यह मुकाबला नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेला गया. पंजाब ने पहले हाफ में दमदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 की बढ़त बना ली थी, लेकिन महाराष्ट्र ने बाउट 6 और 7 में जोरदार वापसी कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया. ऐसे दबाव भरे माहौल में एना गोडिनेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्णायक जीत दिलाई और पंजाब के लिए दो पूरे मैच अंक सुनिश्चित किए. इस नतीजे के साथ महाराष्ट्र केसरी ने अपना लीग अभियान चार मैचों में तीन जीत, छह अंक और 23 बाउट जीत के साथ समाप्त किया, जबकि पंजाब रॉयल्स चार मैचों में छह अंकों और 18 बाउट जीत के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया.



सैफ फुटसल चैंपियनशिप 2026

# भारत ने जीता सिल्वर मेडल

## पाकिस्तान 4-1 से हराकर

**बैंकॉक (थाईलैंड), 27 जनवरी भारतीय पुरुष फुटसल टीम के लिए यह 77वां गणतंत्र दिवस यादगार रहा, जिसने यहां हुआ माक इंडोर स्टेडियम में सैफ फुटसल चैंपियनशिप 226 में अपने विरोधी पाकिस्तान को 4-1 से हराकर सिल्वर मेडल पक्का किया.**

फुटसल टाइगर्स, जो फीफा पुरुष फुटसल रैंकिंग में 133वें स्थान पर हैं, ने छह मैचों में 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, जो मालदीव (109वें स्थान पर) से सात पॉइंट्स पीछे है. 114वें स्थान पर काबिज नेपाल ने भी 11 पॉइंट्स के साथ चैंपियनशिप खत्म की, लेकिन कम गोल डिफरेंस के कारण सिर्फ ब्रॉन्ज़ मेडल ही जीत पाया. लालसावम्पुइया (25', 40') ने दो गोल किए, जबकि विन्सेंट लाल्टलुआंगज़ेला (6') और निखिल माली (32') ने भारत के लिए एक-एक गोल किया. अली आगा (19') पाकिस्तान के लिए एकमात्र स्कोरर थे. हाफ-टाइम तक दोनों टीमें 1-1 से बराबर थीं.



टी20 इंटरनेशनल मैच

भारत ने पहले तीन गेम जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया

# न्यूजीलैंड के खिलाफ 4-0 की बढ़त पर भारत की नजरें



**विशाखापत्तनम, 27 जनवरी. इस समय भारतीय टीम में एक खास तरह का आत्मविश्वास है, और जैसे-जैसे न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथा टी2 इंटरनेशनल मैच पास आ रहा है, यह आत्मविश्वास सीरीज की मुख्य और वायरल कहानी बन गया है.**

भारत ने पहले तीन गेम जीतकर पांच मैचों का मुकाबला पहले ही अपने नाम कर लिया है, लेकिन नतीजों से ज्यादा, उनके क्रिकेट के तरीके ने सबका ध्यान खींचा है. हेड कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव के तहत, यह टीम इतने निडर इरादे से खेली है कि विरोधी टीम गेंद फेंके जाने से पहले ही अपने प्लान पर दोबारा सोचने लगती है. यह साफ सोच, तेज एग्जीक्यूशन और सबसे जरूरी, इस विश्वास के साथ खेला जाने वाला क्रिकेट है कि कोई भी टारगेट बहुत बड़ा नहीं है और कोई भी स्थिति बहुत मुश्किल नहीं है. इस कहानी के केंद्र में अभिषेक शर्मा हैं. युवा ओपनर ने ऐसे बैटिंग की जैसे उन्हें एक आसान सा निर्देश दिया गया हो- बॉल देखो, बॉल मारो, और जोर से मारो. नागपुर में 35 गेंदों पर उनके 84 रन और गुवाहाटी में सिर्फ़ 20 गेंदों पर जबरदस्त 68 रन कोई लापरवाही नहीं थी, बल्कि सोचा-समझा अग्रेसन था-ऐसा अग्रेसन जो बॉलिंग टीम को पहले तीन ओवर में ही बैकफुट पर ला देता है.

> कैप्टन सूर्यकुमार यादव की फ़ॉर्म में वापसी ने कहानी में एक और परत जोड़ दी है. 2025 की शुरुआत में एक खराब दौर के बाद, वह हर तरह से ऐसे बैटर दिखे हैं जो दो ओवर के अंदर मैच बदल सकते हैं. जहाँ कोई गैप नहीं लगता, वहाँ गैप ढूँढ़ने की उनकी काबिलियत ने एक बार फिर सभी को याद दिलाया है कि वह भारत के टी20 प्लान में इतने जरूरी क्यों हैं. रायपुर में ईशान किशन की वापसी वाली पारी, जो आज़ादी और कॉन्फिडेंस के साथ खेली गई, ने भारत के बैटिंग रिजर्व की गहराई को और दिखाया है.